कार्यालय थानाधिकारी पुलिस थाना सदर बाजार जोधपुर (पूर्व)

प्रेस नोट दिनांक 13.02.2023

अन्तरराजीय ईरानी गैंग के दो शातिर ठग गिरफ्तार :–

श्रीमान **रविदत्त गौड** आईपीएस पुलिस आयुक्त जोधपुर महानगर, पुलिस उपायुक्त जोधपुर (पूर्व) डॉ0 अमता दुहन आईपीएस, श्रीमान अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जोधपुर (पूर्व) श्री नाजिम अली खान आरपीएस के निर्देशानुसार व श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त वृत केन्द्रीय जोधपुर (पूर्व) श्री लाभुराम चौधरी आरपीएस के निकटतम सुपरविजन मे धारा 173(8) सीआरपीसी के प्रकरणो के शीघ्र निस्तारण करने के आदेश प्राप्त होने पर थाना हाजा के प्रकरण संख्या 172 दिनांक 10.11.2021 धारा 420, 406, 170, 120बी भा0द0स0 में वांछित मुल्जिमानो की दस्तयाबी हेतु सुरेश पोटलिया नि0पु0 मय जाप्ता दलीपसिंह सउनि, शमशेर हैड कानि0 1193, कानि0 राजेन्द्र कुमार नं 978, कानि0 अशोक नं 2418, कानि0 शेराराम नं 673 की पुलिस टीम गठित कर जिला कारागार वाराणसी उत्तरप्रदेश से मुल्जिमान **अबु हैदर अली उर्फ बागर व मेंहदी हसन** को प्रोडक्शन वारंट पर प्राप्त कर बाद अनुसंधान **मुल्जिमान अबु हैदर अली उर्फ बागर व मेंहदी हसन** को गिरफ्तार किया गया है, जिनको आज पेश अदालत किया जाकर न्यायिक अभिरक्षा में केन्द्रीय कारागृह जोधपुर में जमा करवाया गया है। प्रकरण हाजा के उपरोक्त दोनो मुल्जिमान के द्वारा बीकानेर, सरदारपुरा ऐरिया जोधपुर में भी ठगी की वारदाते करना बताया है।

गिरफतार मुल्जिमान का विवरण : –

(1).अबु हैदर अली उर्फ बागर पुत्र हाजी अली जाति मुसलमान उम्र 54 साल निवासी मकान नं 65/66 दुर्गा देवी मार्ग हुसैनाबाद ठाकुरगंज लखनऊ उत्तरप्रदेश– 226003 हाल पता संजय नगर कॉलोनी भोपाल रेल्वे स्टेशन के पास थाना हनुमानगंज भोपाल मध्यप्रदेश व पूर्व आपराधिक प्रकरणो की सूची निम्नानुसार है :–

क्र.स	अपराध संख्या	धारा	नाम थाना	अन्य विवरण
1.	22/2022	420, 406, 411 भा0द0स0	सिगरा, वाराणसी युपी	पीटी
2	34/2021	420,379/34 भा0द0स0	मूलगंज कानपुर नगर युपी	पीटी
3.	33/2022	3/25 आर्म्स एक्ट	चौक, वाराणसी	पीटी
4.	12/2022	420,465,467,120बी भा0द0स0	बीछवाल, जिला बीकानेर राज0	पीटी

(2).मेंहदी हसन पुत्र राहत अली जाति मुसलमान उम्र 50 साल पेशा ठगी की वारदाते करना निवासी असारगंज संजय नगर कोतवाली थाना हनुमानगंज भोपाल मध्यप्रदेश, दूसरा पता इरानी बस्ती रेल्वे स्टेशन के सामने भोपाल मध्यप्रदेश व पूर्व के आपराधिक प्रकरणो की सूची निम्नानुसार है : –

क्र.स	अपराध संख्या	धारा	नाम थाना	अन्य विवरण
1.	31/2022	392, 411, 120बी भा0द0स0	चौक, वाराणसी उत्तरप्रदेश	पीटी
2	24/2022	420,406,411 भा0द0स0	सिगरा, वाराणसी युपी	पीटी
3.	34/2021	420,379/34 भा0द0स0	मूलगंज कानपुर नगर युपी	पीटी
4.	57/2022	3(1) यू0पी0 गैंगस्टर एक्ट	चौक, वाराणसी उत्तरप्रदेश	पीटी
5.	12/2022	420,465,467,120बी भा0द0स0	बीछवाल, जिला बीकानेर राज0	पीटी

नोट– प्रभारी पुलिस नियन्त्रण कक्ष जोधपुर आयुक्तालय को भेजकर निवेदन है कि समस्त थानाधिकारीगण राज0 को ईमेल प्रेषित करावे।

भवदीय
एसडी/–
(सुरेश पोटलिया नि0पु0)
थानाधिकारी
पुलिस थाना सदर बाजार
जोधपुर पूर्व